राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने 'स्वतंत्रता–दिवस' के सुअवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना 14 अगस्त 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'स्वतंत्रता दिवस–2021' के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया है।

अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि इस सुअवसर पर सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, सद्भावना व सामाजिक समरसता की भावना को सुदृढ़ करने एवं राष्ट्र के विकास के लिए दृढ़संकल्पित होकर सदैव सजग, तत्पर और प्रयत्नशील रहना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्यवासियों के सहयोग से बिहार विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ेगा तथा भारतवर्ष की गरिमा भी बढ़ेगी।

....